आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 08.03.2026    समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है; राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान "नारी तू नारायणी" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।
- टिहरी लेक फेस्टिवल में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पुरानी टिहरी शहर की संरक्षित धरोहरों के स्टॉल सहित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया।
- **और,** आस्था और श्रद्धा का प्रतीक देहरादून का ऐतिहासिक श्री झंडे जी का आरोहण होने के साथ ही झंडा मेला आज से शुरू।

-----------

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं अवसर और सहयोग मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता हो या कॉर्पोरेट जगत, महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वरिष्ठ मातृशक्ति का सम्मान "नारी तू नारायणी" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, समाज सेवा, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, संस्कृति, जल संरक्षण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा वरिष्ठ महिलाएं, परिवारों के साथ संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों की रक्षक भी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से पीढ़ियाँ आगे बढ़ती हैं और समाज निरंतर प्रगति करता है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि आज जिन वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, उनका जीवन संघर्ष, धैर्य और समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## भारतीय रेल

भारतीय रेल ने यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए "सुपर ऐप" रेलवन लॉन्च किया है। इस ऐप पर कई रेल सेवाएं एकसाथ उपलब्ध होंगी। इस ऐप से टिकट बुकिंग, ट्रेन की मौजूदा स्थिति और ई–कैटरिंग सहित सभी रेल सेवाओं का लाभ एक ही डिजिटल मंच से लिया जा सकेगा। इनमें अनारक्षित टिकटों की बुकिंग भी शामिल है।

## टिहरी लेक फेस्टिवल

चार दिवसीय टिहरी लेक फेस्टिवल के तीसरे दिन राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कोटी कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने पुरानी टिहरी शहर की संरक्षित धरोहरों के स्टॉल सहित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पेंटिंग, फैशन शो,मास्टर शेफ सहित विभिन्न विभिन्न प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर आर्मी के पैरा ट्रूप के द्वारा सेना के प्लेन से पैराशूट के माध्यम से टिहरी झील के ऊपर जंप किया। साथ ही टिहरी झील में आर्मी के जवानों ने वोटिंग के माध्यम से भी करतब दिखाए।

## श्री झंडे जी

आस्था और श्रद्धा का प्रतीक देहरादून का ऐतिहासिक श्री झंडे जी का आरोहण होने के साथ ही झंडा मेला शुरू हो गया है। झंडे जी के आरोहण के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने झंडे जी के दर्शन और स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ऐतिहासिक श्री झंडा मेला सिखों के सातवें गुरु श्री गुरु हर राय जी के बड़े पुत्र श्री गुरु राम राय महाराज की परंपरा से जुड़ा हुआ है। इस बार 94 फीट ऊंचे झंडे जी का आरोहण किया गया। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब के महंत देवेन्द्र दास ने बताया कि परंपरा के अनुसार हर वर्ष होली के पांचवें दिन यानी पंचमी को श्री गुरु राम राय महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाता है और इसी अवसर पर ऐतिहासिक श्री झंडा मेला आयोजित किया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्तरकाशी में महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से भव्य महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले की उन प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अमूल्य पहचान बनाई है। इधर देहरादून में महिलाओं के गौरव, सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित ''साड़ी गौरव मैराथन'' का आयोजन किया गया। पारम्परिक भारतीय परिधान साड़ी में आयोजित इस विशेष मैराथन में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करते हुए उत्साह और ऊर्जा का परिचय दिया। उधर अल्मोड़ा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली आंगन बाड़ी कार्यकर्त्रियों, महिला ग्रामप्रधानों, महिला स्वास्थ्य कर्मियों, पत्रकारिता,सामाजिक कार्यकर्ता आदि क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## पौड़ी

पौड़ी जिले में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों तक सक्रिय रूप से पहुँचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से न्याय पंचायत स्तर पर बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसंबर 2025 से 6 मार्च 2026 तक जिले की 102 न्याय पंचायतों में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अब तक आयोजित शिविरों में कुल 45,083 लोगों ने भागीदारी की। जिसमें 3,310 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 1,838 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## हरिद्वार

हरिद्वार के बैरागी कैंप में राज्य सरकार की ओर से आयोजित "नूतन न्याय संहिता" विषय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

प्रदर्शनी में नई आपराधिक न्याय प्रणाली की प्रमुख विशेषताओं को सरल और इंटरैक्टिव माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। इसमें समयबद्ध जांच और चार्जशीट, जीरो एफआईआर और ई–एफआईआर की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों की वैधता जैसी व्यवस्थाओं को प्रमुखता से दिखाया गया है।

## भगत सिंह कोश्यारी

पद्म भूषण सम्मान प्राप्त करने के बाद पहली बार पिथौरागढ़ पहुंचे भगत सिंह कोश्यारी का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति और मेघालय उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रफुल्ल चंद्र पंत मौजूद रहे। उन्होंने भगत सिंह कोश्यारी के सार्वजनिक जीवन, सामाजिक कार्यों और राज्य के विकास में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। इस मौके पर श्री कोश्यारी ने कहा कि पद्म भूषण सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड की जनता का सम्मान है, जिसे वे प्रदेशवासियों को समर्पित करते हैं।

---------